भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 930
दिनांक 27 जुलाई, 2026

ट्रक चालकों के कल्याण हेतु सुविधाएं

930 **श्री मेदा रघुनाधा रेड्डीः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य के प्रमुख माल परिवहन और औद्योगिक गलियारों में उपलब्ध 'अपना घर' सुविधाओं की पर्याप्तता का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य में ऐसे राष्ट्रीय राजमार्गों और लॉजिस्टिक्स गलियारों की पहचान की है, जहां ट्रक चालकों के लिए अतिरिक्त 'अपना घर' सुविधाओं की आवश्यकता है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

क) से (ङ): ट्रक ड्राइवरों और टैक्सी ड्राइवरों की सुरक्षा और सेहत को बेहतर बनाने की सरकार की दृष्टि को ध्यान मे रखते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियाँ ने 'अपना घर' नाम की एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है जिसका उदेश्य देश भर में ट्रक ड्राइवरों की लंबी दूरी की यात्रा को बेहतर बनाना है।

'अपना घर' में सुविधाएँ निम्नानुसार हैं:

- डॉरमेट्री (10-30) बेड
- रेस्टोरेंट/ढाबे/खुद खाना बनाने का स्थान
- स्वच्छ शौचालय
- नहाने के लिए समर्पित स्थान(हौदा)
- पीने के स्वच्छ जल की सुविधा

अपना घर के लिए स्थलों का चुनाव राष्ट्रीय राजमार्गों और दूसरे बड़े राजमार्गों पर मौजूद इंधन खुदरा बिक्री केंद्र नेटवर्क के व्यवस्थित मूल्यांकन के माध्यम से किया जाता है, जहाँ काफ़ी वाणिज्यिक गाड़ियों का ट्रैफिक होता है। विशेष परिवहन और औद्योगिक कॉरिडोर, रसद रूट, पत्तन कनेक्टिविटी रोड, खनन बेल्ट, विनिर्माण क्लस्टर और अन्य उच्च घनत्व वाले ट्रक आवागमन वाले कॉरिडोरों पर मौजूद खुदरा बिक्री केंद्रों को प्राथमिकता दी जाती है। स्थान की पहचान करते समय प्रतिदिन ट्रकों का औसत ट्रैफ़िक, औद्योगिक और रसद केंद्रों से निकटता, सुविधाओं के विकास के लिए पर्याप्त भूमि की उपलब्धता, पहुँच जैसे कारकों पर भी विचार लिया जाता है।

दिनांक 01.07.2026 तक, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज़) ने देश भर में राजमार्गों के किनारे खुदरा बिक्री केंद्रों (आरओज़) पर 840 'अपना घर' जिनमें आंध्र प्रदेश राज्य में 59 शामिल हैं, स्थापित किए हैं । 59 में से 58 राष्ट्रीय राजमार्गों पर और 1 राज्य राजमार्ग पर स्थित है।

*****